रणजीत टाइम्स
इंदौर
शनिवार, 2 मई, 2026
वर्ष 02 | अंक 109 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

## इज़रायल ने लेबनान में बरपाया कहर, एयरस्ट्राइक्स में 24 लोगों की ली जान



लेबनान में सीजफायर की धज्जियाँ उड़ गई हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में हुए सीजफायर को इज़रायल ने तार-तार कर दिया है। ट्रंप के आदेश के बावजूद इज़रायल लगातार साउथ लेबनान में हमले कर रहा है। इज़रायली सेना ताबड़तोड़ गोलीबारी, बमबारी और एयरस्ट्राइक्स करते हुए साउथ लेबनान में कहर बरपा रही है। गुरुवार को साउथ लेबनान में कई जगह इज़रायली सेना ने एयरस्ट्राइक्स की।

### 24 लोगों की हुई मौत

इज़रायली एयरस्ट्राइक्स की वजह से गुरुवार को साउथ लेबनान में 24 लोगों की मौत हो गई। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज इसकी जानकारी दी। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इज़रायली एयरस्ट्राइक्स में 2 बच्चों और 5 महिलाओं समेत 9 लोग मारे गए। बाद में इज़रायल ने फिर एयरस्ट्राइक्स की जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और मरने वालों का कुल आंकड़ा बढ़कर 24 हो गया। दूसरे हमले में जिबचिट गांव में एक घर पर हुए हमले में एक ही परिवार के 4 सदस्य मारे गए।

### कई लोग घायल

इज़रायली एयरस्ट्राइक्स में कई लोग घायल हो गए, जिसकी जानकारी लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। घायलों को नज़दीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। इनमें से कई लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### इज़रायल से बदला लेने की हिज़बुल्लाह ने ठानी

इज़रायली सेना के लगातार हमलों से हिजबुल्लाह (Hezbollah) काफी नाराज़ है और उसने ठान ली है कि वो बदला लेगा। इसी वजह से साउथ लेबनान में हिज़बुल्लाह ने अपनी एक्टिविटी बढ़ा दी है। हिज़बुल्लाह के लड़ाके न सिर्फ साउथ लेबनान में इज़रायली सैनिकों को निशाना बनाते हुए हमले कर रहे हैं, बल्कि नॉर्थ इज़रायल को भी निशाना बना रहे हैं और ड्रोन अटैक कर रहे हैं। इज़रायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए हिज़बुल्लाह ने बिन्त जेबिल में दो इज़रायली मरकावा टैंकों को ड्रोन से निशाना बनाया और इज़रायली सैनिकों की एक टुकड़ी पर भी हमला किया। हिज़बुल्लाह के एक ड्रोन अटैक में इज़रायल का एक सैनिक भी मारा गया।

# 'ब्लॉकेड बर्दाश्त से बाहर'

## ईरान के राष्ट्रपति का कड़ा संदेश, होर्मुज पर तनाव चरम पर

तेहरान/वॉशिंगटनः पश्चिम एशिया में तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंचता दिख रहा है। Masoud Pezeshkian ने साफ कहा है कि किसी भी तरह की नाकेबंदी (ब्लॉकेड) अब "बर्दाश्त से बाहर" हो चुकी है। उनका यह बयान उस समय आया है जब Strait of Hormuz को लेकर ईरान और United States के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है।

### बताया जा रहा है कि होर्मुज क्षेत्र में भारी सैन्य जमावड़ा है

रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी नौसेना ने युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों की बड़ी तैनाती की है, जिससे समुद्री यातायात प्रभावित हुआ है और कई जहाजों को रास्ता बदलना पड़ा है। इस बीच Donald Trump ने भी आक्रामक रुख अपनाते हुए ईरान को चेतावनी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बड़े टकराव के संकेत देते हुए कहा कि "एक बड़ा तूफान आने वाला है।" साथ ही, होर्मुज को लेकर उनके बयान ने विवाद और बढ़ा दिया है।



### ईरान का दावा

वह इस क्षेत्र में किसी भी तरह की नाकेबंदी को स्वीकार नहीं करेगा। वहीं, अमेरिका की ओर से दबाव और सैन्य उपस्थिति लगातार बढ़ाई जा रही है। दोनों देशों के बीच जारी संभावित परमाणु समझौते की बातचीत भी अनिश्चितता में फंसी हुई है। वैश्विक असर की आशंका होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है। यहां किसी भी तरह का तनाव वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों पर सीधा असर डाल सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि स्थिति और बिगड़ती है, तो इसका असर केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। फिलहाल, कूटनीतिक समाधान की कोशिशें जारी हैं, लेकिन हालात जिस दिशा में बढ़ रहे हैं, उससे आने वाले दिनों में तनाव और गहराने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज ओडिशा की यात्रा पर

कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज ओडिशा की यात्रा पर हैं। श्री चौहान रायगड़ा में ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण का शुभारंभ करेंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत लगभग 171 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली 827 सड़क परियोजनाओं को एक हजार 698 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे राज्य के विकास को व्यापक गति मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से 8 सौ 98 बस्तियों को पहली बार हर मौसम में सड़क संपर्क मिलने से स्कूलों, अस्पतालों, बाजारों और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच मजबूत होगी।



# बाणेश्वर कुंड का होगा कायाकल्प: कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया भूमिपूजन



**अनिल चौधरी**

**इंदौर शहर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को नई पहचान देने के उद्देश्य से, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 में स्थित ऐतिहासिक बाणेश्वर कुंड के पुनरुद्धार और 'बाणेश्वर लोक' के निर्माण का कार्य का भूमिपूजन आज माननीय मंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग, कैलाश विजयवर्गीय के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।**

मुख्य कार्यपालिक अधिकारी डॉ. परिक्षित झाडे ने बताया की इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई इस योजना के अंतर्गत बाणेश्वर लोक को एक अत्याधुनिक और भव्य धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके प्रथम चरण के कार्य की लागत लगभग 7.5 करोड़ रुपये होगी।

बाणेश्वर धाम में एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होगा जो विशाल और कलात्मक होने के साथ ही भारतीय स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना होगा। मंदिर परिसर में भगवान शिव की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। श्रद्धालुओं के बैठने और शांति के पल बिताने के लिए विस्तृत हरे-भरे बगीचे और सुंदर रास्ते तैयार किए जाएंगे। आगंतुकों की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग क्षेत्र के साथ ही ऐतिहासिक बाणेश्वर कुंड का सौंदर्यीकरण और जल संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर परम आदरणीय संतजन, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जन प्रतिनिधि अन्य पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# इंदौर का भविष्य सुरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम



**महापौर द्वारा कबीटखेड़ी प्लांट का निरीक्षण**

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। शहर को स्वच्छ और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव के निर्देशन में इंदौर नगर निगम एक और महत्वपूर्ण कदम तेजी से आगे बढ़ा रहा है। इसी क्रम में महापौर श्री भार्गव ने कबीटखेड़ी स्थित निर्माणाधीन 120 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जल कार्य एवं ड्रेनेज प्रभारी श्री अभिषेक बबलू शर्मा, अपर आयुक्त श्री आशीष पाठक सहित निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि शहर को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जहां एक ओर नर्मदा परियोजना के चौथे चरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है, वहीं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में जलूद में सोलर प्लांट भी शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के साथ-साथ सीवरेज ट्रीटमेंट का कार्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बढ़ती जनसंख्या और शहरी विस्तार को देखते हुए सीवरेज प्रबंधन को सुदृढ़ करना आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से कबीटखेड़ी में 120 एमएलडी क्षमता का यह प्लांट तेजी से निर्माणाधीन है। महापौर ने जानकारी दी कि यह परियोजना निर्धारित समयसीमा के अनुसार मार्च 2027 तक पूर्ण कर ली जाएगी। साथ ही, शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए सीवरेज ट्रीटमेंट क्षमता को और बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विजन और संकल्प के साथ इस परियोजना की शुरुआत की गई थी, वह अब धरातल पर साकार होता नजर आ रहा है। यह प्लांट न केवल स्वच्छता को नई मजबूती देगा, बल्कि इंदौर को पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाएगा।



युवा नेता अरविन्द चौधरी जी (जयपुर) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और जीवन में निरंतर सफलता प्रदान करें। आप इसी तरह समाज सेवा और जनहित के कार्यों में अग्रसर रहें, यही कामना है।

## जन्मदिन की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएँ!

# ग्वालियर के हिमांशु ने रचा इतिहास : आई एस सी बोर्ड 12वीं में 94.75% अंकों के साथ संभाग में किया टॉप

**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर । आईएससी बोर्ड परीक्षा 2025-26 के परिणामों में ग्वालियर ने एक बार फिर शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय के मेधावी छात्र हिमांशु ने कक्षा 12वीं में 94.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ग्वालियर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । हिमांशु की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे संभाग में हर्ष की लहर है। वेंडी स्कूल जूनियर कॉलेज प्रबंधन के अनुसार संस्था 40 वर्षों से लगातार श्रेष्ठ परिणाम दे रही है और हिमांशु की सफलता ने इस गौरवशाली परंपरा को और मजबूत किया है।



# शिवपुरी की बेटी रिद्धिमा गर्ग ने ICSE 10वीं में लहराया परचम, अर्जित किए 91.4% अंक

शिवपुरी | मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित हुए ICSE कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में महल कॉलोनी, शिवपुरी की प्रतिभावान छात्रा रिद्धिमा गर्ग ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से शानदार सफलता प्राप्त की है।



## दाबर अली से दाबर बली करने का प्रस्ताव, कथा मंच से उठा नाम परिवर्तन का संकल्प

**हेमंत भार्गव**

करेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दाबर अली में आयोजित भागवत कथा के दौरान एक अनोखी स्थिति देखने को मिली, जब मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता धैर्यवर्धन ने गांव का नाम बदलने का सुझाव दिया। उन्होंने मंच से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव का नाम "दाबर अली" के स्थान पर "दाबर बली" किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों से उन्होंने हाथ उठाकर समर्थन भी मांगा और नाम परिवर्तन के लिए सामूहिक संकल्प दिलाया। इस प्रस्ताव का समर्थन कथा वाचक आचार्य कृष्णानंद गिरी महाराज ने भी किया और इसे सकारात्मक पहल बताया। धैर्यवर्धन ने अपने संबोधन में कहा कि गांव में पूरी तरह हिंदू आबादी निवास करती है, ऐसे में वर्तमान नाम स्थानीय परंपरा और आस्था से मेल नहीं खाता। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि समय रहते नाम में बदलाव नहीं किया गया तो भविष्य में गांव की पहचान को लेकर भ्रम की स्थिति बन सकती है। उन्होंने "बली" नाम को हनुमान जी की आस्था से जोड़ते हुए इसे शुभ और प्रेरणादायक बताया।

# महाकाल मंदिर की टनल खुदाई में निकला

## दुर्लभ शिवलिंग व चौखट का स्ट्रक्चर, पहली शताब्दी का संभव

**उज्जैन : श्री महाकालेश्वर मंदिर में करोड़ों की लागत से श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन व्यवस्था को ध्यान में रख विकास कार्य चल रहे हैं. मंदिर के गेट नंबर 4 के समीप टनल के लिए खुदाई का काम जारी है।**

**शुक्रवार अलसुबह 4 बजे जमीन से 8 फीट की गहराई में छोटी प्राचीन गुफा व उसके अंदर अति दुर्लभ शिवलिंग जलाधारी निकला है।**

**इंजीनियर और मजदूरों ने इसकी सूचना मंदिर प्रबंधन समिति को दी. इसके बाद मंदिर प्रबंधन समिति ने पुराविद् अधिकारी व कलेक्टर को जानकारी दी।**




### खुदाई के दौरान मिली छोटी गुफा

इंजीनियर सतीश राजपूत ने बताया "शिवहरे इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बीते एक माह से टनल बनाने के लिए खुदाई का काम चल रहा है. टनल की 8 फीट खुदाई के दौरान अलसुबह 04 बजे महाकाल मंदिर के गेट नंबर 4 एवं सम्राट विक्रमादित्य हैरिटेज होटल के बीच एक छोटी गुफा और उसमें रखा शिवलिंग मिला है. यहीं पर

**चौखट का स्ट्रक्चर भी मिला."**

ये शिवलिंग अति दुर्लभ है. ये प्रथम शताब्दी का हो सकता है. महाकाल की ये नगरी है. इसका अपना वैभव रहा है. ऐसे में खुदाई में शिवलिंग निकलना आम बात है. प्राचीन काल मे कई राजा-महाराजाओं ने शिवलिंग की स्थापना कर मंदिरों का निर्माण करवाया. आक्रांताओं द्वारा मंदिर ध्वस्त किए गए. इसके बाद मंदिरों का राजाओं ने जीर्णोद्धार करवाया. हजारों साल पुराने शिवलिंग यथास्थिति में खुदाई के दौरान मिलते हैं. खुदाई में आज भी अधिकतर ऐसे शिवलिंग निकलते हैं, जो गुफाओं में थे, जहां कभी आक्रांता पहुंच नहीं सके." इस शिवलिंग में विक्रमादित्य के काल की ब्राह्मी लिपि लिखी है, संस्कृत भाषा में भी लिखा है, जो प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व की हो सकती है. अभी चूंकि मिट्टी चढ़ी है, इसका केमिकल ट्रीटमेंट होने के बाद स्पष्ट होगा कि ये दुर्लभ शिवलिंग है या नहीं. उज्जैन में जब 1937 में उत्खनन हुआ और फिर 1956, 1962 व हाल ही में वर्ष 2020 में भी उत्खनन किया गया तो महाकाल मंदिर में छठी शताब्दी से लेकर अशोक मौर्य, विक्रमादित्य के काल तक की यशोगाथा के साक्ष्य मिले हैं."।

---

# महेश्वर में सूफियाना कव्वाली की शानदार महफिल, समाजसेवियों का हुआ सम्मान



महेश्वर कौमी एकता कमेटी द्वारा हजरत बाबा मद्रासी के 35वें उर्स के अवसर पर भव्य सूफी कव्वाली महफिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में सभी समाज के नागरिकों ने उपस्थित होकर कव्वालियों का आनंद लिया। कमेटी के सदर हाजी वासल अंसारी, फ़िरोज़ अंसारी में बताया कि कार्यक्रम में देशभर से आए प्रसिद्ध कव्वालों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। राष्ट्रीय कव्वाल दानिश अली, मुकर्रम अली एवं मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के कव्वालों ने मदीने वाले सरकार, मौला अली और बुजुर्गों की शान में सूफियाना कलाम पेश किया। उनकी प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे और खुशी में नोटों की बरसात करते नजर आए।

इस अवसर पर महेश्वर के महाराज होलकर , समाजसेवी मंजूर बैग, हाजी गुलाम मुस्तफा मंसूरी तथा राष्ट्रीय कव्वाल हाजी मुकर्रम वारसी का साफा बांधकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कौमी एकता कमेटी द्वारा अतिथियों का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में फिरोज अंसारी, जीतू वर्मा, अनीस अंसारी, रियाज खान, मुकेश बजाज, , भोला भाई, शानू भाई, असीम, मोहसिन सदर, अज्जू अंसारी, डॉक्टर शादाब खान, जफर खान, सोहेल पठान, गोलू शेख, शकीर शेरी, बबलू भाई, नानू भाई, शाहिद भाई, इरफान पठान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन शायर हरीश दुबे द्वारा किया गया। यह आयोजन कौमी एकता और आपसी भाईचारे का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।


# मातृशक्ति खाटू श्याम यात्रा का शुभारंभ, 6000 से अधिक महिलाओं को कराए जाएंगे दर्शन

**आदित्य शर्मा**

**विधायक गोलू शुक्ला की पहल, चार चरणों में रवाना होंगे महिला श्रद्धालुओं के जत्थे**

इंदौर। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 में महिलाओं की आस्था और धार्मिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु सनातनी विधायक श्री गोलू शुक्ला द्वारा "मातृशक्ति खाटू श्याम यात्रा" का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष धार्मिक यात्रा के माध्यम से क्षेत्र की 6000 से अधिक महिलाओं को खाटू श्याम जी के दर्शन कराने का संकल्प लिया गया है। यात्रा को चार चरणों में संपन्न किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों से लगभग 1500-1500 महिलाओं का पंजीयन कर उन्हें यात्रा में सम्मिलित किया जाएगा। प्रथम चरण में राजेंद्र धरकर मंडल की महिलाओं का पहला जत्था 2 मई, शनिवार दोपहर 12 बजे इंदौर से रवाना होगा। सभी श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन इंदौर से चलने वाली महामना एक्सप्रेस में कराया गया है। यात्रा प्रभारी दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्था के लिए विधायक श्री गोलू शुक्ला के साथ 100 से अधिक पुरुष कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल रहेंगे।

यात्रा को रवाना करने के लिए मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि रेलवे




स्टेशन पर उपस्थित रहेंगे। महिलाओं के पंजीयन एवं यात्रा व्यवस्था में विधानसभा प्रभारी दिनेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष बंटी वर्मा, पार्षद रूपाली पेंढ़ारकर, भावना चौधरी, शिव वर्मा, जयंत पांचाल, पिंकी बागड़ी, संजय कौशिक, दीपेश पचौरी एवं शिवपाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पिछले एक माह से सक्रिय भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी विधायक श्री गोलू शुक्ला द्वारा आयोजित महाकालेश्वर दर्शन यात्रा में 10 हजार से अधिक महिलाओं को दर्शन कराए जा चुके हैं।

# भय,अहंकार और क्रोध का त्याग ही भक्ति का प्रारंभ है

ज्ञान रुपी चक्षु कोई भी जन्म से ही लेकर नहीं पैदा होता। और न ही इसे कोई स्वयं अपने बलबूते पर धारण कर सकता है। इसे धारण करने के लिए किसी ज्ञानी का सानिध्य जरूरी है।

यहां तक कि राम चंद्र जी जैसे अवतरित महापुरुष ने भी इस ज्ञान रूपी चक्षु को धारण करने के लिए ऋषि मुनियों का ही आशीर्वाद लिया था और आम जन की यह किस्मत पर निर्भर करता है कि उसे जीवन भर कोई ऐसा संग मिल भी पाता है या नहीं। कई बार हमारी आंखों के सामने राह होती है और हम पहचान नहीं पाते हैं। ज्ञान अर्जित महानुभावों का कहना है कि प्रत्येक मनुष्य में ज्ञान होता है किन्तु अज्ञान उसे आच्छादित किये रहता है। उस अज्ञान के हटने पर ही मनुष्य को ज्ञान की अनुभूति होती है और अज्ञान तभी हटता है जब मनुष्य का अंतःकरण पूर्णतः शुद्ध हो। ब्रम्हज्ञान पाने का अधिकारी केवल वही साधक है जिसका अंतःकरण शुद्ध होगा।



सहज योग ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे नाड़ियों व चक्रों की शुद्धता होती है भय, अहंकार और क्रोध को त्यागकर ही हम पूर्णतः शुद्ध हो सकते हैं। चक्रों में पहले चक्र मूलाधार चक्र पर ध्यान करके हम सत्सत् विवेक व बोध प्राप्त करते हैं जिससे हमें अऋपने स्व को पहचानने का अवसर मिलता है। ध्यान के दौरान कुंडलिनी शक्ति सभी चक्रों को प्रकाशित करते हुये जब सहस्त्रार का भेदन करती है, ज्ञान चक्षु खुल जाते हैं। इस ज्ञान चक्षु से हम ईश्वरीय चेतना से अभिभूत होते हैं और सत्य व यथार्थ की अनुभूति होती है। ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश करने से बढ़कर कोई और ज्ञान नहीं है। हमारे अंदर व्याप्त अंधकार छंटने लगता है और हम अपने को और दूसरों को भी सही प्रकार से देख पाते हैं। योग के अनेक प्रकार हैं। परंतु, सहज योग से कम समय में तथा सांसारिक जीवन में रहते हुए आत्मसाक्षात्कार पाना संभव होता है। एक शुद्ध इच्छा लेकर सहज योग से जुड़े। सहज योग के सेंटर्स पर नये साधकों का हम हृदय से स्वागत करते हैं। सहजयोग के बारे में जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निःशुल्क है।

# भाजपा जिला इंदौर ग्रामीण की मासिक बैठक संपन्न



केंद्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश के नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला इंदौर ग्रामीण की मासिक कामकाजी बैठक भाजपा कार्यालय इंदौर पर संपन्न हुई। जिसमें संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत जिला प्रभारी शैलेंद्र डागा तथा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने संबोधित किया।

बैठक में नेताओं ने बताया कि संगठन की ओर से जो भी कार्य दिए जाते है भाजपा जिला ग्रामीण द्वारा उन्हें बखूबी पूरा किया जाता है केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है पार्टी के आगामी कार्यक्रमो की जानकारी भी दी। वहीं संभाग प्रभारी श्री रावत ने पदाधिकारियों को बैठकों में उपस्थित होने की नसीहत दी तथा जो भी पदाधिकारी पद पर बैठ कर काम नहीं कर रहे हैं या बैठकों में नहीं आते है उनसे बात करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी विधायक मधु वर्मा विधायक उषा ठाकुर वरिष्ठ नेता गोपाल सिंह चौधरी कंचन सिंह चौहान घनश्याम नारोलिया अशोक यादव रामविलास पटेल महामंत्री रामस्वरूप गहलोत अंतर दयाल जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय विश्वजीत सिंह सिसोदिया आदि उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पूंजालाल निनामा के किया तथा आभार महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. किरण सूर्यवंशी ने माना।

# वैशाखी पूर्णिमा पर माही नदी तट स्थित नरसिंह मंदिर में भव्य भजन संध्या और विशाल भंडारा, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**दिलीप पाटीदार**

पटलावदिया माही माता नदी के पावन तट पर स्थित नरसिंह मंदिर में वैशाखी पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की



शुरुआत दिनांक 30/04/26 को सायंकालीन भजन संध्या से हुई, जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित भजन गायकों ने भगवान नरसिंह की महिमा का गुणगान किया। मधुर भजनों और कीर्तन की स्वर लहरियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर देर रात तक झूमते रहे।

भजन संध्या के उपरांत। 01/05/26 शुक्रवार को सुबह 9 बजे महाआरती एवं छप्पन भोग लगाया गया महाआरती के लाभार्थी मंटूलाल पाटीदार ( सेठ ) बड़ोदिया वाले थे। महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित रही और सेवा कार्य में लगे स्वयंसेवकों ने पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियाँ निभाईं। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती प्रदान की, बल्कि सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन हर वर्ष श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न होते हैं और भविष्य में भी इसी तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि नरसिंह मंदिर का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है और इसे पूर्ण करने के लिए श्रद्धालुओं का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि "यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का केंद्र है और सभी भक्तों के सहयोग से ही इसका निर्माण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा।"

# श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के हाथों फीता कटवाकर केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने रेलवे ओवरब्रिज का ट्रैफिक किया प्रारंभ

दिलीप पाटीदार

धार अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रम सम्मान का अद्वितीय संदेश देते हुए धार–महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने आज धार को गुणावाद से जोड़ने वाले कनेक्टिंग रेलवे ओवरब्रिज (ब्रिज क्रमांक 217) की पूर्ण हो चुकी एक शाखा पर ट्रैफिक का शुभारंभ कर इसे आमजन की सेवा में समर्पित किया। इस विशेष अवसर पर मंत्री ने कार्यक्रम को श्रमिकों को समर्पित करते हुए निर्माण कार्य में लगे आदिवासी श्रमिक भाई-बहनों के हाथों फीता कटवाकर ट्रैफिक प्रारंभ करवाया। श्रमिक दिवस के दिन लिया गया यह निर्णय श्रम के सम्मान, भागीदारी और समर्पण को दर्शाने वाला प्रेरणादायी उदाहरण बना। श्रीमती ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव होते हैं और उनके परिश्रम से ही विकास के बड़े कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह रेलवे ओवरब्रिज क्षेत्र के यातायात को सुगम बनाने के साथ-साथ आर्थिक



और सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगा।

यह कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के “विकसित भारत 2047” के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में हो रहे तीव्र विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से ही ऐसे जनहितकारी प्रकल्प समय पर पूर्ण हो रहे हैं और जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। मंत्री ने इस दौरान श्रमिकों का सम्मान करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई तथा उनके अथक परिश्रम की सराहना की। उन्होंने श्रमिक भाई-बहनों के हाथों श्रीफल अर्पित करवाकर उनके योगदान को विशेष रूप से सम्मानित किया और कहा कि श्रमिकों का सम्मान ही सच्चे अर्थों में श्रमिक दिवस की सार्थकता है। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि धार क्षेत्र में शीघ्र रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने संबंधित रेलवे अधिकारियों को शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं टिकाऊ सुविधा मिल सके। इस अवसर पर धार विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, क्षेत्रीय ग्रामीणजन, बड़ी संख्या में श्रमिक साथी एवं रेलवे विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने इस अवसर को श्रमिक सम्मान के रूप में मनाते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। यह रेलवे ओवरब्रिज न केवल यातायात की समस्या को कम करेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के साथ श्रमिकों के सम्मान का भी प्रतीक बनकर उभरेगा।

## शिवपुरी नरवर //ग्राम खडीचा में निकली भव्य कलश यात्रा, श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ




हेमंत भार्गव


करैरा (शिवपुरी)। ग्राम खडीचा में 1 मई से 7 मई तक आयोजित होने जा रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

यह कलश यात्रा ग्राम के सिद्धेश्वर महाराज प्रांगण से प्रारंभ होकर कथा स्थल हनुमान जी मंदिर तक पहुंची। यात्रा में हजारों की संख्या में माताएं, बहनें, बच्चे एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए पूरे मार्ग में वातावरण को भक्तिमय बनाते हुए कथा स्थल पहुंचे। पूरे गांव में धार्मिक उल्लास और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्री कृष्ण चन्द्र ठाकुर जी शास्त्री श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसास्वादन कराएंगे।

## बैठक में जिलाध्यक्ष के सामने कांग्रेसियों में झड़प.. कांग्रेसी नेता ने मंडलम अध्यक्ष को बोले जातिसूचक शब्द!

### थाने पहुंचा मामला, पुलिस ने लिया आवेदन

महू। वेदजी के बगीचे में शुक्रवार को आयोजित हुई कांग्रेसियों की बैठक में कांग्रेसी नेता व मंडलम अध्यक्ष की आपस में झड़प हो गई। इस विवाद के दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे। जिन्होंने दोनों नेताओं को आपस में छुड़वाया। विवाद यही नहीं थमा, कांग्रेसी नेता ने मंडलम अध्यक्ष को गालियों के साथ जाति सूचक शब्द देकर भारी सभा में अपमानित किया। इस पूरी घटना के बाद पूरा मामला कोतवाली थाने में पहुंचा, जहां पुलिस ने आवेदन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



दरअसल, शुक्रवार को जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की मौजूदगी में आगामी 7 मई को होने वाले चक्काजाम को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जहां महू तहसील के 30 से 35 मंडलम अध्यक्ष, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक चल ही रही थी कि तभी ग्राम दतोदा के रहने वाले मंडलम अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय और दतोदा के रहने वाले कांग्रेसी नेता पूनम चंद पटेल, पीसी राजपूत के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच झड़प भी हो गई। जिसे जिलाध्यक्ष व कांग्रेस नेताओं ने छुड़वाया। इसके बाद मामला थाने जा पहुंचा, जहां पुलिस ने आवेदन लिया है।

### जान से मारने की धमकी देकर बोले जाति सूचक शब्द

मंडलम अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय ने कोतवाली थाना महू पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि कांग्रेस के पूनमचंद व पीसी राजपूत ने विवाद के बाद जान से मारने की धमकी दी। भरी सभा में जाति सूचक शब्दों का उपयोग कर बोला कि तेरी एक वोट लेने की औकात नहीं, तुझे कैसे मंडलम अध्यक्ष किसने बना दिया। तू जात का बलाई है। बाहर मत मिल जाना नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद वे कोतवाली थाने पर अपने परिवारजनों के साथ शिकायत करने पहुंचे। जहां पुलिस ने आवेदन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कांग्रेसियों के इस आपसी विवाद को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े से फोन पर चर्चा करने की कोशिश भी की गई। परंतु वह फोन पर उपलब्ध नहीं हुए।

### पिगडंबर से चलती है कांग्रेस में राजनीति

कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी का दौर तो पूरे चरम पर है ही, वही आए दिन पार्टी के नेता आपस में ही एक दूसरे से झगड़ते हुए भी दिखाई देते हैं। कांग्रेस के कई नेताओं ने यह तक बोल दिया कि कांग्रेस पार्टी की पूरी राजनीति ग्राम पिगडम्बर से ही चलती है। महू के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के नेता को भी कोई तवज्जो नहीं दी जाती है। जिससे कई नेता हताश होकर पार्टी को छोड़ भी चुके हैं। गौरतलब है कि पहले भी राष्ट्रीय नेता महेंद्र जोशी और खरगोन पूर्व विधायक रवि जोशी अपना अपना प्रभार महू की कांग्रेसी गुटबाज राजनीति से त्रस्त होकर छोड़ चुके हैं।



# कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए आवेदन शुरू

नई दिल्ली। कैलाश मानसरोवर यात्रा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल जून से अगस्त तक चलेगी। इस दौरान दो मार्गों का उपयोग किया जा सकेगा। पहला मार्ग उत्तराखंड में 'लिपुलेख दर्रा' और दूसरा मार्ग सिक्किम में 'नाथू ला' के जरिए कैलाश मानसरोवर तक जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा यात्रा से जुड़ी हर जानकारी वेबसाइट पर मिल जाएगी। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 19 मई तक आवेदन किया जा सकता है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 मई 2026 है।'कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने को लेकर विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'वेबसाइट kmy.gov.in पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर-जनित, यादृच्छिक और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

# असली कोर्ट, नकली आदेश... मिजोरम में रिहा हुए 16 अपराधी, जेल प्रशासन में हड़कंप

**लुंगलेई, एजेंसी**

मिजोरम के लुंगलेई स्थित जिला जेल से फर्जी कागज का इस्तेमाल कर 16 दोषियों के भागने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पिछले 4 महीनों के दौरान इन 16 दोषियों ने कोर्ट के जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी से रिहा हो गए।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो यह धोखाधड़ी जनवरी में शुरू हुई थी और पिछले हफ्ते तक किसी को इसका पता तक नहीं था। वहीं, जब कोर्ट अधिकारियों को कुछ रिहाइयों को मंजूरी देने वाले रिकॉर्ड नहीं मिले, तब इसका खुलासा हो सका। इसके बाद 25 अप्रैल को एक शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि



13 दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, और दो अभी भी फरार हैं।

## मिलीभगत से चल रहा था खेल

वहीं, एक दोषी की रिहाई के बाद मौत हो गई। इस मामले में जेल के अंदर और बाहर के लोगों की मिलीभगत से एक बड़ी साजिश होने का संदेह है। जेल अधिकारियों ने बताया कि, नकली आदेशों पर जाली मुहरें लगी थी और वे कोर्ट के निर्देशों से काफी मिलते-जुलते थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया था।

शुरुआती जांच के नतीजों से पता चलता है कि 22 वर्षीय कैदी जेरेमिया लालथांगतुरा इस साजिश का मुख्य सरगना हो सकता है; माना जा रहा है कि उसने जेल के अंदर से ही बाहर के लोगों की मदद से इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। फिलहाल, उससे पूछताछ की जा रही है।

# ट्रंप का बड़ा एलान, स्कॉच व्हिस्की पर टैरिफ हटाने की घोषणा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला के अमेरिका के राजकीय दौरे के सम्मान में बड़ा एलान किया है। ट्रंप ने ब्रिटिश स्कॉच और व्हिस्की पर लगे टैरिफ और व्यापार प्रतिबंध को हटाने का एलान किया है। ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में उन्होंने कहा, 'यूनाइटेड किंगडम के राजा और रानी के सम्मान में, जो अभी अभी व्हाइट हाउस से रवाना हुए हैं और जल्द ही अपने शानदार देश लौट रहे हैं, मैं व्हिस्की पर लगे टैरिफ और प्रतिबंधों को हटा रहा हूं, जो स्कॉटलैंड और केंटकी राष्ट्रमंडल के बीच व्हिस्की और बॉर्बन की व्यापार क्षमता से संबंधित हैं। ये स्कॉटलैंड और केंटकी के दो बहुत महत्वपूर्ण उद्योग हैं।'

ट्रंप ने लिखा, 'लोग लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। राजा और रानी ने मुझसे वह काम करवा दिया, जो कोई और नहीं कर सका और वह भी बिना पूछे। अमेरिका में उन दोनों का होना, मेरे लिए एक अद्भुत सम्मान की बात है।' ट्रंप ने अपने इस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। किंग चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला ने बुधवार को 9/11 स्मारक का दौरा कर आतंकी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मेगा अल नीनो की आहट: तापमान में असामान्य वृद्धि के संकेतों ने वैज्ञानिकों का ध्यान खींचा

# भारत से दक्षिण-पूर्व एशिया तक बदला पैटर्न! गर्मी, सूखा व अतिवृष्टि का खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में समुद्र की सतह के तापमान में असामान्य वृद्धि के संकेतों ने दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिकों का ध्यान फिर से मेगा अल नीनो की ओर खींचा है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ), अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार यदि अल नीनो की स्थिति और अधिक मजबूत होती है तो इसका असर भारत के मानसून, दक्षिण-पूर्व एशिया की वर्षा, ऑस्ट्रेलिया के सूखे, अफ्रीका की खाद्य सुरक्षा और अमेरिका-यूरोप के तापमान पैटर्न तक महसूस किया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य अल नीनो और 'मेगा अल नीनो' यानी अत्यंत शक्तिशाली अल नीनो में अंतर उसकी तीव्रता और वैश्विक प्रभाव के स्तर का होता है, और इतिहास बताता है कि ऐसे वर्षों में मौसमीय असंतुलन व्यापक आर्थिक और मानवीय संकट में बदल सकता है।




## लू की अवधि बढ़ी

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार भारत में इस समय अप्रैल के अंत से ही कई राज्यों में तापमान 44 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है और लू की अवधि सामान्य से लंबी देखी जा रही है। हर हीटवेव का सीधा कारण केवल अल नीनो नहीं होता, लेकिन मजबूत अल नीनो की पृष्ठभूमि में सतही तापमान और अधिक बढ़ सकता है। आईएमडी के अनुसार उत्तर-पश्चिम, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत में लंबे और अधिक तीव्र गर्मी के दौर की संभावना ऐसे वर्षों में बढ़ जाती है।दक्षिण-पूर्व एशिया में वर्षा संकट की आशंका: इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, वियतनाम और मलेशिया जैसे देशों में अल नीनो आमतौर पर वर्षा में कमी और लंबे शुष्क दौर का कारण बनता है।

## भारत पर क्या हो सकता है असर

भारत के लिए सबसे बड़ा सवाल दक्षिण-पश्चिम मानसून का है, क्योंकि देश की कृषि, जल भंडारण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था काफी हद तक मानसूनी वर्षा पर निर्भर है। आईएमडी और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के वैज्ञानिकों के अनुसार मजबूत अल नीनो अक्सर मानसून को कमजोर कर सकता है, हालांकि हर बार इसका सीधा और समान असर नहीं होता।

ठुकमजोर मानसून की स्थिति में धान, दाल, गन्ना और तिलहन जैसी फसलों पर दबाव बढ़ सकता है। जलाशयों का स्तर गिर सकता है और बिजली उत्पादन भी प्रभावित हो सकता है। साथ ही, उत्तर और मध्य भारत में लू की अवधि लंबी हो सकती है और शहरी क्षेत्रों में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक जा सकता है।

# बरगी में लापरवाही की बलि



जारी है बचाव अभियान

» पर्यटन मंत्री बोले... नर्मदा में पेट्रोल-डीजल बोट पर रोक की जानकारी नहीं

» तेज आंधी की चेतावनी के बावजूद 45 यात्रियों के साथ 20 साल पुराने क्रूज को रवाना किया गया

**जबलपुर, एजेंसी**

बरगी डैम में गुरुवार दोपहर क्रूज डूबने से हुआ हादसा पूरी तरह लापरवाही का नतीजा बताया जा रहा है। इसमें मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अब तक 9 लोगों के शव मिल चुके हैं जबकि इतने ही लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। 24 लोगों को सुरक्षित निकाल लेने का दावा किया गया है। पर्यटन विभाग का यह क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया था। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त क्रूज में लगभग 40 से 45 पर्यटक सवार थे। मौसम विभाग की तेज आंधी की चेतावनी और स्थानीय लोगों की समझाइश के बावजूद क्रूज का संचालन जारी रहने से यह दर्दनाक हादसा हुआ। ज्यादातर लोगों को लाइफ जवकेट भी नहीं दी गई थी। हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा ने बताया कि शुरुआती रेस्क्यू में एसडीआरएफ ने कई लोगों को बचाया, लेकिन अंधेरा और खराब मौसम से राहत कार्य प्रभावित हुआ। आज सुबह फिर से रेस्क्यू जारी है। वहीं प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी जबलपुर पहुंचे हैं, लेकिन उनका हैरान करने वाला बयान सामने आया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा- नर्मदा में पेट्रोल-डीजल बोट पर रोक है, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

हादसे की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के साथ अब राष्ट्रीय स्तर की टीमें भी तैनात की गई हैं। आर्मी भी मौके पर मौजूद है। हैदराबाद से एक स्पेशल टीम और हेलिकॉप्टर पहुंचा है। कोलकाता से पैरामिलिट्री की एक विशेष टीम भी जबलपुर पहुंच चुकी है। हाइड्रॉलिक मशीनों और पोकलेन की मदद से 20 फीट गहरे पानी में फंसे क्रूज को बाहर निकालने की कोशिश जारी है। क्रूज के पायलट महेश का कहना है कि सुरक्षा के इंतजाम तो थे, लेकिन अचानक आए तेज तूफान के चलते क्रूज अनियंत्रित हो गया। किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला। महेश को 10 साल का अनुभव है।

### मातृत्व की मार्मिक प्रतीक बनी तस्वीर

### *अंतिम क्षण तक कलेजे के टुकड़े को बाहों में समेटे रही मां...*



हादसे में मरिना मैसी और उनके चार साल के बेटे त्रिशान की भी मौत हो गई। बचाव दल को आज सुबह दोनों के शव मिले। मां ने अपनी ही लाइफ जैकेट के भीतर अपने कलेजे के टुकड़े को समेट लिया था। उसने बच्चे को अपने सीने से इतनी मजबूती से चिपकाया था कि काल का क्रूर झोंका भी उन्हें अलग नहीं कर सका। रेस्क्यू टीम ने जब उन्हें बाहर निकाला, तो दोनों के शव एक-दूसरे को बाहों में जकड़े हुए थे। यह परिवार दिल्ली से घूमने आया था। पिता प्रदीप मैसी और बेटी किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे।

**डूबने लगे तब दिया लाइफ जैकेट :** पाटन बायपास के पास रहने वाली तनिष्का सेन ने बताया कि सब लोगों को लाइफ सपोर्ट जैकेट तब दिए गए जब क्रूज हिचकोले खा रहा था और डूबने लगा। हादसे में तनिष्का की मम्मी ज्योति सेन की मौत हो गई।

## गैस किल्लत-महंगाई का झटका
# कॉमर्शियल सिलेंडर 993 रु. महंगा

**नईदिल्ली/भोपाल, एजेंसी**

दो महीने से किल्लत के बीच कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 993 रुपए महंगा हो गया है। भोपाल में अब 2081 की जगह 3074 रुपए, इंदौर में 3179 रुपए, जबलपुर में 3290 रुपए, ग्वालियर में 3296 रुपए और उज्जैन में 3241 रुपए का सिलेंडर मिलेगा। 2 महीने में सिलेंडर के रेट 1248 रुपए बढ़ चुके हैं। वहीं 5 किलोग्राम वाले एफटीएल सिलिंडर की कीमत में भी तत्काल प्रभाव से 261 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में यह सीधे आम लोगों पर असर करेगा। कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट ऐसे समय बढ़े हैं, जब प्रदेश के होटल, रेस्टोरेंट-ढाबों को जरूरत की 50 प्रतिशत गैस ही दी जा रही है। दूसरी ओर, जुलाई तक प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा शादियां भी होना है। जिससे आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## ईरान के बचे नेता टारगेट पर, अमेरिकी सेना ने बताया प्लान
# ट्रम्प की 'हां' हुई तो हाइपरसोनिक मिसाइलों का हमला

**वाशिंगटन डीसी/तेहरान।, एजेंसी**

अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के विकल्पों की जानकारी दी है। फॉक्स न्यूज के मुताबिक एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रम्प के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए। इसमें बताया गया कि अगर ट्रम्प दोबारा हमले का फैसला लेते हैं, तो एक 'छोटा लेकिन बहुत ताकतवर हमला' किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान की बची हुई सैन्य ताकत, उसके नेता और अहम ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है।



ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सेना के लंबे समय से अटके हुए डार्क ईगन सिस्टम को इस क्षेत्र में भेजने का अनुरोध किया है। 'डार्क ईगल' नाम की हाइपरसोनिक मिसाइल करीब 2,000 मील (करीब 3,200 किलोमीटर) दूर तक निशाना साध सकती है और ईरान के बचे हुए बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों को टारगेट कर सकती है। इसके अलावा, B-1क्लांसर बॉम्बर विमानों की मौजूदगी भी इलाके में बढ़ाई जा रही है। ये विमान भारी मात्रा में हथियार ले जाने में सक्षम हैं और हाइपरसोनिक हथियार भी ले जा सकते हैं। इसका मकसद अमेरिकी सेना को ईरान के अंदरूनी हिस्सों में मौजूद बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों पर हमला करने की क्षमता देना है। अगर इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह पहली बार होगा जब अमेरिका किसी हाइपरसोनिक हथियार सिस्टम तैनात करेगा।

## 1.8 मीटर रिजॉल्यूशन तक तस्वीरें लेने में सक्षम, बेहतर होगी धरती की निगरानी
# आया 'सुपर आई' सैटेलाइट, बादल-अंधेरा भी नहीं रोक पाएंगे नजर

**बेंगलुरु की स्टार्टअप 'गैलेक्सी आई स्पेस' रविवार को भारत का पहला ऑप्टोसार सैटलाइट 'दृष्टि' लॉन्च करने जा रही है, जो स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से अंतरिक्ष भेजा जाएगा।**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत अंतरिक्ष तकनीक में एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। बेंगलुरु की निजी स्पेस स्टार्टअप गैलेक्सी आई स्पेस 3 मई 2026 को अपना अत्याधुनिक सैटलाइट मिशन दृष्टि लॉन्च करेगी। यह सैटलाइट स्पेस एक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। यह सिर्फ एक और सैटलाइट नहीं, बल्कि भारत की निजी कंपनी द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा 190 किलोग्राम वजनी सैटलाइट है। इसकी खासियत यह है कि यह धरती की निगरानी ऐसे तरीके से करेगा जो पहले संभव नहीं था। अब तक ज्यादातर सैटलाइट या



तो ऑप्टिकल कैमरे से तस्वीर लेते थे या फिर रडार तकनीक से। ऑप्टिकल कैमरे मोबाइल कैमरे की तरह साफ तस्वीरें देते हैं, लेकिन बादलों या रात में काम नहीं कर पाते। वहीं रडार तकनीक अंधेरे और बादलों के पार देख सकती है, लेकिन उसकी तस्वीरें उतनी साफ नहीं होतीं। मिशन दृष्टि में पहली बार दोनों तकनीकों को एक साथ जोड़ा गया है। इसे ऑप्टोसार कहा जाता है। यानी यह सैटलाइट रंगीन, स्पष्ट और हर मौसम में उपयोगी तस्वीरें देगा। आम भाषा में समझें तो अगर किसी इलाके में भारी बारिश हो रही हो, घने बादल हों या पूरी रात हो तब भी यह सैटेलाइट जमीन की गतिविधियों को देख सकेगा।

### भारत के लिए अहम है मिशन

इतना ही नहीं, यह खेतों की हालत, जमीन में बदलाव, नई इमारतों का निर्माण या वाहनों की आवाजाही जैसी जानकारी भी पकड़ सकता है। यह सैटलाइट 1.8 मीटर रिजॉल्यूशन तक तस्वीरें लेने में सक्षम है। यानी जमीन पर छोटे-छोटे बदलाव भी इसकी नजर से नहीं बचेंगे। यह तकनीक सेना, आपदा प्रबंधन, कृषि और शहरी निगरानी के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। खासकर मानसून, बाढ़, सीमा सुरक्षा और रात के समय निगरानी जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

# आंधी-बारिश का 'कहर', 32 लोगों की मौत



● यूपी-बिहार और कर्नाटक में हुई भीषण तबाही ● हिमाचल में ग्लेशियर टूटकर सड़क पर आ गिरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले 15 दिन से भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में गुरुवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से कुछ राहत मिली। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड में आंधी-बारिश और ओले गिरने से तापमान में 3-5 डिग्री तक की गिरावट हुई। यूपी में गुरुवार को पिछले दो दिनों के दौरान आंधी-बारिश से 17 लोगों की मौत हो गई। बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। कर्नाटक के बेंगलुरु में बुधवार रात तेज बारिश और आंधी के दौरान हुई अलग-अलग घटनाओं में मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के चुराह में गुरुवार को पहाड़ से ग्लेशियर टूटकर अचानक सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां सड़क से बर्फ हटाने में जुटे कर्मचारी और मजदूरों ने भागकर किसी तरह जान बचाई। हालांकि, राजस्थान और महाराष्ट्र में गर्मी से कोई राहत नहीं मिली है। गुरुवार को महाराष्ट्र का चंद्रपुर देश में सबसे गर्म जगह रही। यहां तापमान 44.6 डिग्री दर्ज हुआ। राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर में 44 डिग्री तापमान रहा।




दिल्ली में गुरुवार को कई इलाकों में बारिश, तेज हवा और ओले गिरे। इससे तापमान 8 से 15 डिग्री तक गिर गया। पालम में तापमान 39 से गिरकर 28 डिग्री हो गया। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में इस साल अप्रैल के दौरान 18 साल में सबसे ज्यादा 27.9 मिमी बारिश हुई। इससे पहले अप्रैल 2008 में 38.6 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। यूपी के ज्यादातर शहरों में शुक्रवार सुबह से बादल छाए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं। गोरखपुर में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य के 62 जिलों में आंधी और बिजली गिरने की संभावना जताई है। पिछले 2 दिनों के दौरान राज्य में आंधी-बारिश से 17 लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार के कई जिलों में शुक्रवार को भी आंधी के साथ तेज बारिश जारी है। बगहा में बारिश के साथ सुबह की शुरुआत हुई। पटना समेत कई शहरों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज 33 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में 2 मई तक आंधी-बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका है। 3 मई के बाद राज्य में फिर से गर्मी बढ़ सकती है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध पर कांग्रेस के खिलाफ फूटा जनआक्रोश, महिला मोर्चा ने निकाली कांग्रेस की अर्थी, खातीपूरा में पुतला दहन

कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों का विरोध किया – सावित्री ठाकुर

**'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम का विरोध देश की आधी आबादी का अपमान – मालिनी गौड**

**पैदल मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी**










**इंदौर।** 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के विरोध को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ जनाक्रोश मार्च निकाला गया। यह पैदल मार्च चिकमंगलूर चौराहे से श्रीराम मंदिर खातीपूरा तक निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मार्च से पूर्व अपने संबोधन में सावित्री ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने और संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इस अधिनियम का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी नकारात्मक सोच उजागर की है। विधायक मालिनी गौड ने कहा कि इस अधिनियम का विरोध देश की आधी आबादी का अपमान है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संवैधानिक अधिकार देने के प्रयास का विरोध कर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने नारी शक्ति का अपमान किया है। वरिष्ठ नेत्री अंजू माखीजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना और तीन तलाक समाप्त करने जैसे कदम शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों का विरोध किया है। मार्च के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं काले वस्त्रों में शामिल हुईं और हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की। 'नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' और 'महिलाओं का अधिकार हमारा अधिकार' जैसे नारे गूंजते रहे। एक कार्यकर्ता हांडी लेकर कांग्रेस की प्रतीकात्मक अर्थी के आगे चल रही थी, जबकि अन्य कार्यकर्ता अर्थी को कंधे पर उठाकर चल रहे थे। खातीपूरा चौराहे पर कांग्रेस के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान 'राम नाम सत्य है, कांग्रेस भ्रष्ट है' जैसे नारे भी लगाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिनमें श्रेष्ठा जोशी, दीप्ति हाडा, स्वाति काशीद, कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, इंदु श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल थीं।

## मातृशक्ति को समर्पित रहा मंच

इस आयोजन में मातृशक्ति के सम्मान में भाजपा के पुरुष नेता मंच पर नहीं चढ़े। मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मंच के सामने खड़े रहे और पूरा मंच महिलाओं को समर्पित किया गया।

# बरगी डैम में जान बचाने वाले 15 अगस्त को होंगे सम्मानित

● सीएम ने दिए जांच के आदेश, एमपी में क्रूज संचालन पर रोक



**भोपाल।** बरगी डैम क्रूज हादसे में नौ लोगों के शव मिले हैं। क्रूज को निकाल लिया गया है। सीएम मोहन यादव और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। सीएम मोहन यादव ने कहा कि बरगी बांध में हुआ हादसा चक्रवात की वजह से हुआ है। उसकी विस्तृत जानकारी जांच रिपोर्ट के बाद ही मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इस हादसे में मन को बेहद दुख पहुंचा। वहीं, दुर्घटना में रेस्क्यू टीम के जिन सदस्यों ने लोगों को पानी से बाहर निकाला, उनका 15 अगस्त को सम्मान किया जाएगा। क्रूज डूबने के बाद कई लोगों ने अपनी जान दांव पर लगाकर लोगों को बचाया था। इसके साथ ही सीएम मोहन यादव ने कहा कि बरगी बांध में हुई दुर्घटना चक्रवात की वजह से घटी है। हमने कल ही अपने पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को भेजा है।

### जांच के दिए आदेश, क्रूज संचालन पर रोक

सीएम यादव ने कहा कि अभी बरगी बांध में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हमने इस घटना को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे की वजह से मन बहुत दुखी है। हमारी रेस्क्यू टीम तत्पर थी। उसने क्रूज को काटकर लोगों को पानी से बाहर निकाला है। रेस्क्यू टीम के जिन सदस्यों ने लोगों को निकाला है, हम उन्हें 15 अगस्त को सम्मानित करेंगे। वहीं, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने कहा है कि एमपी में क्रूज संचालन पर रोक लगा दी गई है। क्रूज फिटनेस और मानकों की जांच के बाद ही इसका संचालन होगा। साथ ही क्रूज चालक की योग्यता का परीक्षण अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि मोहन यादव ने कहा था कि इस हादसे में जो जनहानि हुई है, वह अत्यंत पीड़ादायक है।

# अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक स्लॉट बुक

● सीएम बोले-गेहूं उपार्जन के लिए लगातार बढ़ रहा है आंकड़ा



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। किसान भाइयों ने बड़ी संख्या में स्लॉट बुक किए हैं। अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपार्जन के लिए स्टॉल बुक हो चुके है। यह एक सकारात्मक संदेश है। स्टॉल बुकिंग का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के किसानों से गेहूं उपार्जन करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों पर सभी संभव व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के लिए आकस्मिक निरीक्षण लगातार चलता रहेगा और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।